राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांकः– मुसप्र/ 2020/1055 दिनांकः– 06/01/2021

कार्यालय आदेश

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विकसित विभिन्न आवासीय योजनाओं में अधिशेष आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों को त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए लागत में राहत प्रदान करने हेतु मण्डल की समस्त योजनाओं में ई–ऑक्शन/बुधवार नीलामी के पश्चात् शेष बचे आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों जिनको ई–बिड–सबमिशन/ई–ऑक्शन में सम्मिलित किया गया था। उन सभी अधिशेष आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों जिनकी लागत वैधता दिनांक 30–06–2020 तक निधारित की गयी थी। उनकी वित्तीय वर्ष 2019–20 में निर्धारित की गयी लागत दरों को कोविड–19 महामारी की परिस्थितियों के मद्देनजर रखते हुए सभी अधिशेष आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों जिनकी लागत/न्यूनतम बिड मूल्य (MBP) की लागत वैधता कार्यालय आदेश क्रमांक मुसप्र/2020/667 दिनांक 01–10–2020 के द्वारा दिनांक 30 जून 2021 तक स्थित (फ्रीज) गयी थी।

मण्डल के संचालक मण्डल की 244 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 22–12–2020 में निर्णय की कार्यात्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव संख्या 244.28 रखा गया। बैठक में प्रस्तावानुसार राजस्थान आवासन मण्डल के अधिशेष आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों जिनको आमजन को आवंटन/निस्तारण हेतु ई–सबमिशन/बुधवार नीलामी उत्सव/ई–ऑक्शन में सम्मिलित किया गया था, उनमें से शेष बचे आवासों/फ्लेटों/निर्मित दुकानों की लागत स्थिर (फ्रीज) करने हेतु लिए गये निर्णय की कार्यात्तर स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(पवन अरोड़ा)
आवासन आयुक्त

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ :–

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. निजी सचिव–सचिव/वित्तीय सलाहकार/निदेशक विधि/मुख्य राजस्व अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/मुख्यालय, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा0 आ0 म0, जयपुर/जोधपुर।
5. अति0 निजी सचिव–मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, रा0आ0म0 जयपुर।
6. उप आवासन आयुक्त, वृत–.................... राजस्थान आवासन मण्डल, ...
7. आवासीय अभियन्ता, खण्ड–................................., रा0आ0म0, ...
8. संयुक्त एनालिस्ट (निदेशक), रा.आ.म., जयपुर को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि आदेश की प्रति मण्डल की वेबसाइट पर डलवायें व सभी संबंधित उप आवासन आयुक्त/आवासीय अभियन्ता को मेल करें।
9. प्रभारी नागरिक सेवा केन्द्र, (मु0), रा0आ0मं0, जयपुर।
10. रक्षित पत्रावली।

मुख्य सम्पदा प्रबंधक

D/DRB/OFFICE ORDER